बिहार लोक सेवा आयोग

15, जवाहरलाल नेहरू मार्ग (बेली रोड), पटना – 800001

आवश्यक सूचना

विज्ञापन संख्या **53/2014** के अन्तर्गत बिहार राज्य के विभिन्न विश्वविद्यालयों एवं अंगीभूत महाविद्यालयों में **इतिहास** विषय में सहायक प्राचार्य के पदों पर नियुक्ति हेतु दिनांक 15.11.2018 से 20.11.2018 तक निर्धारित प्रथम चरण के साक्षात्कार में आमंत्रण से वंचित अवेशष सभी उम्मीदवारों का **द्वितीय एवं अन्तिम** चरण का साक्षात्कार दिनांक– 22.11.2018 से 23.12.2018 तक निर्धारित किया जाता है। साक्षात्कार का विस्तृत कार्यक्रम आयोग के वेबसाईट **www.bpsc.bih.nic.in** पर प्रदर्शित कर दिया गया है।

साक्षात्कार प्रारम्भ होने की तिथि के एक सप्ताह पूर्व से आयोग के वेबसाईट पर साक्षात्कार पत्र उपलब्ध रहेगा, जिसे अपना अनुक्रमांक डालकर डाउनलोड किया जा सकता है। **किसी उम्मीदवार को साक्षात्कार पत्र डाक से नहीं भेजा जाएगा।**

आयोग के वेबसाईट पर पूर्व से प्रदर्शित कोटिवार कट–ऑफ अधिमार अंक के समतुल्य अथवा उससे अधिक अधिमार अंक रहने का दावा करने वाले वैसे उम्मीदवार जिनका अनुक्रमांक द्वितीय एवं अन्तिम चरण के साक्षात्कार कार्यक्रम में नहीं है, से दिनांक 30.11.2018 तक मात्र **e-mail: bpscpat-bih@nic.in** के माध्यम से अपना अधिमार अंक गणना तालिका एवं सुसंगत अभिलेख के साथ आपत्ति अभ्यावेदन आमंत्रित किया जाता है। दिनांक– 30.11.2018 के बाद प्राप्त आपत्ति अभ्यावेदन पर विचार नहीं किया जाएगा।

यह भी स्पष्ट किया जाता है कि **साक्षात्कार के लिए आमंत्रित सभी अभ्यर्थियों की अर्हता पूर्णतः औपबंधिक है**। उनकी अर्हता पर यथासमय समीक्षा कर यथोचित निर्णय लेने हेतु आयोग स्वतंत्र रहेगा।

8.11.18

संयुक्त सचिव–सह–परीक्षा नियंत्रक,
बिहार लोक सेवा आयोग, पटना